राजस्थान सरकार

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग
सी ब्लाक, स्वास्थ्य भवन, तिलक मार्ग
सी–स्कीम, जयपुर

फोनः– 0141–5110737
0141–5110743
फैक्सः– 0141–2228778

क्रमांकः प.( )/एम. एण्ड एच/09–10/ 966 दिनांकः–28/9/2010

निविदा सूचना – 14/ 2010–11

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से विभिन्न स्थानों पर एन.आर.एच.एम. योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य के लिये मेनुफेकचरर्स/ अधिकृत वितरकों से निर्धारित प्रपत्र में सीलबन्द लिफाफों में निविदायें आमन्त्रित की जाती है। **यह निविदायें दिनांक 06.10.10 तक सम्बन्धित अधिशाषी अभियन्ता चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग कार्यालय से निर्धारित शुल्क जमा करा कर कार्यालय समय में प्राप्त की जा सकती है।** निविदा शुल्क सम्बन्धित अधिशाषी अभियन्ता चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग **A/c** स्टेट हैल्थ सोसायटी को देय नगद अथवा सिड्यूल बैंक के डिमाण्ड ड्राफ्ट/पे आर्डर के रूप में जमा कराया जा सकता है। पूर्ण रूप से भरी हुई निविदायें संबंधित अधिशाषी अभियन्ता एम. एण्ड एच कार्यालय में दिनांक 11.10.10 को अपरान्ह 3.00 बजे तक जमा कराई जा सकेगी एवं उसी दिन संबंधित अधिशाषी अभियन्ता एम एण्ड एच खण्ड जयपुर कार्यालय में तकनीकी बिड अपरान्ह 3.30 बजे उपस्थित निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेंगी। निविदायें बेचने, प्राप्त करने एवं खोलने की दिनांक को अवकाश होने पर अगले कार्य दिवस को निविदायें बेची, प्राप्त व खोली जा सकेगी। निविदा प्रपत्र की शर्ते आदि संबंधित अधिशाषी अभियन्ता चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग कार्यालय में कार्यालय समय में देखी जा सकती है।

कार्य के लिए नियमानुसार तकनीकी बिड पद्धति के अनुसार दो लिफाफों की प्रक्रिया अपनाई जायेगी। पहले लिफाफे में तकनीकी बिड संबंधित सूचना, बिक्री कर चुकता प्रमाण पत्र एवं धरोहर राशि संलग्न होगी। जबकि दूसरे लिफाफे में शर्त रहित वित्तीय बिड होगी। तकनीकी बिड एवं वित्तीय बिडस् अलग–अलग लिफाफों में एक साथ प्राप्त की जायेगी। निविदा की तकनीकी बिड में सफल निविदादाताओं की वित्तीय बिड दिनांक 20.10.10 को सायं 03.30 बजे संबंधित अधिशाषी अभियन्ता एम. एण्ड एच के कार्यालय में खोली जावेगी। निविदा दाता द्वारा निविदा के साथ सारणी में दर्शायें अनुसार धरोहर राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/पे आर्डर "अधिशाषी अभियन्ता एम. एण्ड एच खण्ड जयपुर A/c स्टेट हैल्थ सोसायटी" के पक्ष में देय, संलग्न करना आवश्यक होगा, अन्यथा निविदा मान्य नहीं होगी।

किसी भी निविदा को स्वीकार करने एवं बिना कारण बताये निरस्त करने के समस्त अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित रहेगे।

नोट– 1. कार्य पूर्णता के पश्चात् एक वर्ष का डिफैक्ट लाइबिलिटी पीरियड होगा।

क्रम सं.	प्रा. स्वा. केन्द्र का निर्माण कार्य	अनुमानित लागत (रू.लाखों में)	धरोहर राशि (रू. में)	निविदा शुल्क (रू. में)	संबंधित कार्यालय	कार्य को पूर्ण करने की अवधि
1.	सात संभाग स्तर पर क्वालिटी कन्ट्रोल टेस्टिंग लेब एवं 32 जिला मुख्यालयों पर टैस्टिंग किट उपलब्ध कराने हेतु	30.00	60,000.00	500.00	अधिशाषी अभियन्ता एम. एण्ड एच, खण्ड जयपुर	2 माह

इसके अतिरिक्त विशेष शर्ते निविदा प्रपत्र इस कार्यालय में देखी जा सकती है।

अधिशाषी अभियन्ता
एम. एण्ड एच . जयपुर